# राज्यसभा में विपक्ष ने हंगामा करके प्रश्नकाल के महत्वपूर्ण समय को बर्बाद किया : मदन राठौड़

## 'उपराष्ट्रपति जैसे गरिमापूर्ण पद पर अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करना गलत'

**जयपुर** । भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया से वार्ता करते हुए विपक्ष पर जमकर हमला बोला और कहा कि अब विपक्ष का भ्रम नहीं चलेगा। राज्यसभा में इंडिया गठबंधन ने मिलकर हंगामा किया और प्रश्नकाल को बर्बाद कर दिया। राठौड़ ने मीडिया से विधानसभा उपचुनावों को बेहतर रणनीति से जीतने और बांग्लादेश में मौजूदा हालातों में हिंदुओं की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त करते हुए को लेकर केंद्र सरकार की योजना पर चर्चा की।

राठौड़ ने कहा कि राज्यसभा में विपक्ष ने बिना वजह हंगामा किया और सदन की गरिमा को तार तार करते हुए अमर्यादित कार्य किया।

■ **भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने राजस्थान में छह विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों को लेकर जीत का दावा किया और कहा कि भाजपा कार्यकर्ता केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर लेकर जाएंगे।**

विपक्ष के हंगामे के चलते प्रश्नकाल जैसा महत्वपूर्ण समय बर्बाद हो गया और यह सब कांग्रेस की आलाकमान सोनिया गांधी के इशारों पर किया गया। सोनिया गांधी ने अपने सांसदों को उकसाने का कार्य किया। जया अमिताभ बच्चन द्वारा उपराष्ट्रपति जैसे गरिमापूर्ण पद पर अमर्यादित शब्दों का इस्तेमाल करना गलत है और विपक्ष द्वारा अविश्वास प्रस्ताव लाने से कुछ नहीं होगा, बहुमत हमारे साथ है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने राजस्थान में छह विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों को लेकर जीत का दावा किया और कहा कि भाजपा कार्यकर्ता केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं को घर-घर लेकर जाएंगे। भाजपा आने वाले उपचुनावों में एकजुट होकर विजयश्री प्राप्त करेंगी। राजस्थान में अब कांग्रेसी नेताओं का भ्रम नहीं चलेगा। लोकसभा चुनावों में कांग्रेसियों ने संविधान और आरक्षण को लेकर देश की जनता को गुमराह करने का कार्य किया था, लेकिन अब जनता विपक्ष के एजेंडे को समझ चुकी है और समाज को तोड़ने का षडयंत्र नहीं चलेगा। भाजपा ने संविधान की शपथ ली है और उसकी रक्षा करेगी। राठौड़ ने कहा कि राज्यसभा चुनाव को लेकर भाजपा की कोर कमेटी की बैठक होगी। उसके बाद प्रस्ताव केंद्र को भेजा जाएगा। केंद्रीय शीर्ष नेतृत्व द्वारा अंतिम फैसला किया जाएगा। वहीं बांग्लादेश में मौजूदा हालात को लेकर कहा कि हिंदूस्तान में बांग्लादेश जैसे क्राइसिस कभी संभव नहीं हो सकता। केंद्र सरकार की ओर से सीमा पर सावधानी बरती जा रही है और सीमा पर पीड़ित हिंदुओं को भारत सरकार शरण देगी और दस्तावेजों के आधार पर उनकी रक्षा की जा रही है।

# पेड़ लगाकर उनकी सार-संभाल करना पुण्य काम : समित शर्मा



**जलदाय विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बापू नगर स्थित महात्मा गांधी विद्यालय में राजस्थान जैन युवा महासभा की ओर से आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में शिरकत की।**

**जयपुर** । जलदाय विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने कहा कि पेड़ लगाना और उनकी देखभाल करना पुण्य कार्य है। उन्होंने यह बात शनिवार को बापू नगर स्थित महात्मा गांधी विद्यालय में राजस्थान जैन युवा महासभा की ओर से आयोजित पौधारोपण कार्यक्रम में कही। समित शर्मा ने बच्चों को कम से कम 10-10 पेड़ लगाने का आव्हान किया।

दरअसल राजस्थान जैन युवा महासभा के तत्वावधान में जवाहर नगर मालवीय नगर संभाग व बापूनगर जोन की ओर से बापू नगर स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम रखा गया। स्कूल परिसर मे ""एक पेड़ मां के नाम"" अभियान के तहत विभिन्न फलदार व छायादार पेड़ लगाए गए।

राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जलदाय विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा एवं विशिष्ट अतिथि समाजसेवी शैलेन्द्र गोधा थे।

मुख्य संयोजक एवं युवा महासभा के जयपुर कार्याध्यक्ष भारत भूषण जैन ने बताया कि स्कूल के बाहर काफी संख्या में छायादार व फलदार पौधों का रोपण किया गया। इससे पूर्व अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना की। युवा महासभा की ओर से प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा, जिला अध्यक्ष संजय पाण्डया,कार्याध्यक्ष भारतभूषण जैन, कमल सरावगी, राजेश बड़जात्या,जिला महामंत्री सुभाष बज,सम्भाग महामंत्री विनोद जैन, बापूनगर जोन अध्यक्ष रवि सेठी ने अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया। विद्यालय परिवार की ओर से स्कूल प्राचार्य वसुधा शर्मा ने पुष्प गुच्छ भेट कर दोनों अतिथियों का स्वागत व सम्मान किया। प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन ने स्वागत उदबोधन दिया। प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि युवा महासभा द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए पूरे वर्षाकाल में अपने अधीनस्थ 5 सम्भागों व 15 जोन के माध्यम से 15 हजार पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है। इस मौके पर राजस्थान जैन युवा महासभा के मनीष बैद,मनोज झांझरी, पूर्व पार्षद संजीव शर्मा, श्वेता शर्मा, बापूनगर जोन महामंत्री मनोज जैन, ममता शाह स्त्रमेत कई समाजसेवी शामिल हुए।

## चूड़ी कारखाने से 12 बालश्रमिकों को मुक्त कराया

**जयपुर** (कासं)। भट्टा बस्ती थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पढ़ाई के नाम पर छोटे बच्चों को बिहार से जयपुर लाकर उनको बालश्रम में धकेलने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गर्म लाख चूड़ी बनाने के कारखाने में काम करने वाले बारह बाल श्रमिकों को मुक्त कराया । बताया जा रहा है कि कार्रवाई के दौरान कारखाना संचालक मौके से फरार हो गया। जिसकी तलाश की जा रही है।

थानाधिकारी कैलाश विश्नोई ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर थाना इलाके में स्थित एक मकान में चल रहे चूड़ी बनाने कारखानों पर दबिश दी गई । जहां पर कारखाने में गर्म लाख की चूड़ी बनाते मिले बारह बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। मुक्त कराए बालश्रमिक बिहार के रहने वाले है। जिन्हें उनके गांव से झांसा देकर लाया गया और फिर जबरन गर्म लाख की चूड़ी बनाने का काम पर लगाने के साथ ही मकान से बाहर नहीं जाने दिया जाता और नहीं समय पर भोजन दिया जाता था। सभी बाल श्रमिकों को मुक्त कर बाल संरक्षण गृह सुपुर्द किया गया है। जिन्हे कुछ दिनों के बाद वापस घर भेज दिया जाएगा।

# कैनवास पर उकेरे महिलाओं के मनोभाव

## शहर की 10 दिवसीय आर्ट वर्कशॉप में 5 नेशनल आर्टिस्ट्स ने लिया हिस्सा

**जयपुर** । महिलाओं के तन व मन में उठती भावनाएं और कल्पनाओं को कैनवास पर दर्शाया। मौका था आईसीए रेजीडेंसी में आयोजित हुई रेजीडेंसी वर्कशॉप प्रोग्राम का, जिसमें नासिक, भोपाल, मुंबई और आगरा के 5 आर्टिस्ट्स ने गुलाबी नगरी में सावन का लुफ्त उठाते हुए अपने रंगों से इंद्रधनुष उकेरा।

इस दौरान आईसीए रेजीडेंसी से अभिनव बंसल और क्यूरेटर हेम राणा ने बताया की लगातार आयोजित हो रही इन 10 दिवसीय वर्कशॉप्स के जरिए हमने देश के अलग-अलग कोनों से सभी जाने-माने आर्टिस्ट्स को एक मंच पर लाने की कोशिश की है। इन्हें आमंत्रित कर हम जयपुर में कला का एक ऐसा सेंटर बनाना चाहते है जहां दुनियाभर की विभिन्न शैलियों को एकत्रित किया जा रहा है। साथ ही आने वाले शहर के यंग आर्टिस्ट्स को इन वर्कशॉप्स में हिस्सा लेकर भारत की कई छुपी शैलियों से रूबरू होने का मौका भी दिया जा रहा है।

मुंबई से आए आर्टिस्ट नागेश गौड़के महाराष्ट्र की धरोहर से काफी प्रभावित रहे है। ऐसे में उन्होंने वर्कशॉप में महाराष्ट्रियन आर्किटेक्चर से प्रेरित विलेज एस्केप थीम पर ऐक्रेलिक ऑन कैनवास माध्यम में तीन कलाकृतियां तैयार की। जहां मिटटी के घर, ढलान वाली छत, और ज़मीनी रंगों से उन्होंने अपनी पेंटिंग्स में महाराष्ट्र को उतारने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि राजस्थान के आर्किटेक्चर से मैं



हमेशा काफी प्रभावित रहा हूं। इस वर्कशॉप के दौरान मुझे नाहरगढ़, आमेर और हवा महल देखने का मौका मिला, अब मैं इस शानदार धरोहर को अपने कैनवास पर पेंट करने को उत्सुक हूं।

आगरा की आर्टिस्ट कृति सक्सेना ने बताया कि एक्रेलिक, चारकोल और पेस्टल के मीडियम से दो कलाकृतियों को तैयार किया। जिन में आप मनुष्य

■ **आई.सी.ए. रेजीडेंसी में भोपाल, मुंबई, नासिक और आगरा से शामिल हुए आर्टिस्ट**

भावनाओं व मनोविकारों को कैनवास पर जीवित देखेंगे। वर्कशॉप में तैयार की गई दोनों पेंटिंग्स में बचपन और यौवन दर्शाया है। जिसमें युवती का बचपन में भाव और एक युवती के जीवन में यौवन की दस्तक के बाद उसके जीवन में बदलावों को मैंने कैनवास पर उकेरा है।

नासिक की आर्टिस्ट मानसी सागर ने अपनी कलाकृतियों के द्वारा महिलाओं के अंतर्मन का तूफ़ान पेंटिंग में दर्शाया। जहां अपनी न्यूड फिगर पेंटिंग शैली द्वारा महिलाओं के सिर के स्थान पर सेव फल को नारीवाद के प्रतिक के तौर पर इस्तेमाल किया। सभी महिलाओं को इस तरह पेंट किया है जैसे सभी अपने अंतर्मन में संतुष्ट स्वयं से ही बात कर रही है।

भोपाल की आर्टिस्ट संजू जैन ने बताया कि मैं टेक्सचर में काम करती हूं, जिसमें टेक्सचर के जरिए मैं अपने मन की भावनाओं को प्रस्तुत किया है। साथ ही रंगों के माध्यम से मैं मैंने अपनी कला में 5 तत्वों का समावेश दिखाया है। मुंबई की आर्टिस्ट मोनिका घुले ने दो मास्टर क्रिएटिव पेंटिंग्स प्रस्तुत की, जिसमें बचपन की यादों को ताजा किया है।

## आठ साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

**जयपुर** (कासं)। शिप्रापथ थाना पुलिस और साइबर सैल जयपुर दक्षिण ने कार्रवाई करते हुए धोखाधड़ी के मामले में आठ साल से फरार चल रहे आरोपित जितेश खोवाल निवासी आदर्श नगर जयपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपित के खिलाफ शिप्रापथ थाना सहित जयपुर शहर के विभिन्न थानों में एनआई एक्ट के धोखाधडी के तीस से ज्यादा मामले दर्ज है।

इसके अलावा आरोपित डोकोस मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम से लोगों से करोड़ों रुपये की ठगी के मामले में फरार था और साथ ही फर्जी सोसायटी के करीब सौ से अधिक फर्जी पट्टे देकर लोगों से करोडों रुपये की ठगी कर चुका है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

## सार-समाचार

### वरिष्ठजन सम्मान समारोह 18 अगस्त को



**जयपुर** । भाजपा खेल प्रकोष्ठ एवं कल्पतरु शिक्षा समिति की ओर से 18 अगस्त को जयपुर ग्रेटर निगम के वार्ड-78 में वरिष्ठ-जन सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह में वार्ड में निवास करने वाले 65 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक समाजसेवी सुनील गौड़ ने बताया कि भारत की स्वतंत्रता के 77 गौरवशाली वर्ष पूर्ण होने और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के उपलक्ष में 18 अगस्त को यह आयोजन किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य उन वरिष्ठ-जन के प्रति कृतज्ञता प्रकट करना है जिन्होंने भारत की स्वतंत्रता और स्वतंत्रता के बाद के उस कालखण्ड को अतिसात किया है, जिसमें भारत के गुलामी की जंजीरों से मुक्त होकर एक स्वतन्त्र एवं विकसित प्रजातांत्रिक गणराज्य बनने की और अग्रसर होने के साथ-साथ आपातकाल जैसी प्रतिकूल घटना भी हुई।

### 'गीता दर्शन वर्तमान जीवन में उपयोगी'



**जयपुर** । राजस्थान शिक्षक प्रशिक्षण विद्यापीठ शाहपुरा बाग जयपुर में व्याख्यानमाला के अंतर्गत "श्रीमद् भगवदगीता निहित कृष्णाद्वैत" विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया। विद्यापीठ प्राचार्य डॉ. मनीषा शर्मा ने बताया कि संस्थान सचिव डॉ. राजकुमार जोशी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए वर्तमान में गीता के दर्शन को उपयोगी बताया। गुजरात से पधारे ओजस्वी महामहोपाध्याय डॉ. गौतम पटेल द्वारा सारस्वत उदबोधन में बताया कि जिस तरह ब्रह्म को ध्यान में रखने वाला ब्रह्म में रहता है उसी तरह कृष्ण को ध्यान में रखने वाला कृष्ण में रहता है और हमे कृष्ण के इस अद्वैत दर्शन से सीखना चाहिए कि कर्म के द्वारा ही पाप का नाश किया जा सकता हैं। इसी श्रृंखला में अपने अध्यक्षीय संबोधन में संस्थान अध्यक्ष श्री बृजकिशोर शर्मा ने व्याख्यान को सभी के जीवन दर्शन को मार्ग प्रदान करने के लिए उपयोगी बताया। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रधान डॉ. मनीषा शर्मा ने सभी आगंतुक अतिथियों का धन्यवाद करते हुए बताया कि हम कर्म करते जाए और फल की चिंता न करे तभी हम सच्चे अर्थों में कृष्ण के दर्शन को आत्मसात कर पाएंगे। कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ सुषमा सिंघवी पूर्व अध्यक्ष संस्कृत अकादमी),डॉ राजेश्वरी भट्ट सहित अन्य गणमान्य व विद्यापीठ के प्रवक्ता एवम प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित हुए।

### नेचुरोपैथी विशेष शिविर 13 अगस्त से

**जयपुर** । पंचतत्व फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में जयपुर के विजयबाड़ी, पथ नंबर 7 प्रभात कॉलोनी मुरलीपुरा स्थित पंचतत्व आश्रम में पांच दिवसीय प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन 13 अगस्त, मंगलवार से आयोजित किया जा रहा है। आयोजन के बारे में योगा हेल्थ केयर सेंटर के निदेशक डॉ. मोहित बीजाका ने बताया कि इस पांच दिवसीय आवासीय शिविर में डायबिटीज, बीपी, माइग्रेन, अस्थमा और शरीर के सभी दर्दों का निवारण प्राकृतिक चिकित्सा और आहार के माध्यम से किया जाएगा। यहां लोगों को विशेष रूप शरीर शुद्धि क्रियाएं जैसे कुंजल, जल, नेति, आई वॉश, एनिमा, कटी स्नान, मिट्टी स्नान, भाप स्नान और मालिश इत्यादि देकर रोग मुक्त किया जाता है। इसके उपरांत सभी शिविरार्थियों को सात्विक एवं प्राकृतिक जीवित आहार दिया जाएगा जो शरीर को पूर्ण रूप से ऊर्जावान और स्वस्थ बनाएगा। डॉक्टर मोहित ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा जयपुर में यह बारहवां शिविर आयोजित किया जा रहा है इसमें जयपुर सहित आसपास के लोग भाग ले सकते हैं और विशेष शिविर में स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर सकते हैं। इस शिविर से जुड़े छीतरमल वीजाका, डॉ. मोहित बीजाका ने बताया कि पंच तत्व फाउंडेशन की ओर से घुटना दर्द, डायबिटीज, मोटापा, स्लिप डिस्क, थायराइड, गठिया, डिप्रेशन, अल्सर, जोड़ों का दर्द, अस्थमा जैसे अनेक रोगों का समाधान किया जाएगा। नर सेवा नारायण सेवा के आधार पर संचालित पंचतत्व आश्रम में सुबह 9 बजे से 10 बजे तक शुद्धि व षट्कर्म, 10 से 10:15 बजे तक अमृत रस इसके बाद प्राकृतिक चिकित्सा, दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक प्राकृतिक संपूर्ण भोजन, इसके बाद 1 बजे से 3 बजे तक विश्राम सहित अल्पाहार सेवापेथी, शंका समाधान, योग, ध्यान, संजीवनी क्रिया आदि विशेष पर अनुभवी मार्गदर्शन करेंगे।

### विद्यार्थियों ने खेल-खेल में सीखा योगा

**जयपुर** । आर्ट ऑफ लिविंग जयपुर के स्वयंसेवकों ने केंद्रीय विद्यालय मानसरोवर के विद्यार्थियों के लिए हेल्थ एंड हैप्पीनेस शिविर का अयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान आर्ट ऑफ़ लिविंग की प्रशिक्षक रुचि शर्मा और अन्य स्वयंसेवकों ने विद्यार्थियों को योग, प्रणायाम और मेडिटेशन का महत्व बताया। विद्यार्थियों ने जाना कि कैसे वह योग के द्वारा अपने अंदर निरंतर सहजता और ख़ुशी को महसूस कर सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय विद्यालय के प्रधानाचार्य राघवेन्द्र लाल संतानिया मौजूद रहे ।

# युवती से छेड़छाड़ करने वाले ऑटो रिक्शा चालक को पुलिस ने दबोचा

**जयपुर** । सांगानेर थाना पुलिस ने छात्रा से छेड़छाड़ और उनकी जान जोखिम में डालने के मामले में ऑटो चालक को गिरफ्तार कर लिया है। हादसे में घायल युवती का अस्पताल में उपचार जारी है। हादसे में घायल युवती वर्तमान में कोमा में है। घटना करीब 10 दिन पहले वाटिका रोड की है।

थानाधिकारी पूनम चौधरी ने बताया कि घटना 30 जुलाई की है। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही 19 साल की छात्रा कोचिंग में पढ़ाई कर रात को साढ़े आठ बजे घर लौट रही थी। वह 12 मील से वाटिका रोड सहभागिता मोड पर अपने घर जाने के लिए ऑटो रिक्शा में बैठी थी। इस दौरान ऑटो में पहले से एक सवारी बैठी हुई थी। जो कल्लावाला स्टैंड पर उतर गई। इसके बाद ऑटो ड्राइवर ने स्टूडेंट को उसके घर वाले मोड पर नहीं उतारा।

ऑटो चालक युवती को परेशान करने लगा। स्टूडेंट ऑटो रुकवाने के लिए चिल्लाती रही। ऑटो चालक छेड़छाड़ करने के साथ छात्रा को किडनैप कर ले जाने लगा। छात्रा वाटिका रोड के चलते ऑटो से कूद गई।

■ **हादसे में घायल युवती का अस्पताल में उपचार जारी है, वह फिलहाल कोमा में है।**

इससे उसके सिर पर गंभीर चोट लगने से बेहोश हो गई। रिक्शा चालक ऑटो सहित फरार हो गया। लोगों ने घायल छात्रा को बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती करवाया। थानाधिकारी ने बताया कि परिजनों की रिपोर्ट पर अज्ञात ऑटो चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया। वहीं पुलिस जांच में एक सीसीटीवी फुटेज मिला। इसमें युवती ऑटो से नीचे गिरती दिखाई दी। इस पर पुलिस ने 10 दिन में आसपास लगे करीब 200 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इलाके में निरंतर चल रहे करीब 600 से अधिक ऑटो चालकों से पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपित के बारे में जानकारी मिली। इस मामले मे फरार आरोपी ऑटो चालक विक्रम धोबी उर्फ प्यारी धोबी (30) को गिरफ्तार किया गया। जो सवाई माधोपुर के मलारना डूंगर का रहने वाला है। जयपुर में वाटिका रोड डेयरी योजना के पास गैस गोदाम के सामने सीमेंट गोदाम के ऊपर रहता है। पुलिस ने आरोपी के पास से वारदात में प्रयोग किया गया ऑटो बरामद कर लिया है।

आरोपित ने वारदात के दौरान शराब पी रखी थी। युवती के नीचे कूदने के बाद आरोपी उसे काफी देर तक देखता रहा। युवती नहीं उठी तो मौके से ऑटो लेकर फरार हो गया। घटना के बाद आरोपी ने सबसे पहले अपने ऑटो पर लगा विज्ञापन का पर्दा, मडगार्ड और गाड़ी के अंदर लगी हुई तस्वीरों को हटाया, जिससे ऑटो की पहचान नहीं हो सके।

जांच के दौरान आरोपी की लोकेशन महेश नगर सिद्धि-सिद्धि चौराहे पर शराब की दुकान के बाहर मिली थी। पुलिस ने उसे शराब खरीदते हुए पकड़ा। आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह शराब का आदी है। आरोपी का उसकी पत्नी से झगड़ा चल रहा है। इसके कारण उसकी पत्नी उसे छोड़ कर मायके गई हुई है। घटना वाले दिन उसने गोपालपुरा से शराब खरीद कर पी थी।

## युवक के हाथ पर झपट्टा मार कर मोबाइल छीना

**जयपुर** । जवाहर सर्किल क्षेत्र में बाइक सवार दो बदमाश एक युवक के हाथ पर झपट्टा मारकर मोबाइल छीनकर ले गए। पुलिस घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है।

पुलिस के अनुसार गांधी नगर निवासी रोहन ने मामला दर्ज करवाया कि 8 अगस्त को वह पैदल ही किसी काम से जा रहा था। जीटी के पास पीछे से बाइक सवार दो बदमाश आए और उसके हाथ पर झपट्टा मार कर मोबाइल छीनकर ले गए। घटना शाम करीब साढ़े सात बजे की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुटी है। बजाज नगर थाना इलाके में बैंक के कस्टमर केयर से कॉल कर जानकारी लेकर दम्पती के खाते से 3.41 लाख रुपए निकालने का मामला सामने आया है। पुलिस के अनुसार ज्वेल ऑफ इंडिया जेएलएन मार्ग निवासी गिरिराज पारीक ने मामला दर्ज कराया कि उसके पास इक्यूटॉस बैंक के कॉल सेंटर से कॉल आया। कॉल कर्ता ने कहा कि क्या आपने अपने खाते से रुपयों का ट्रांसजेक्शन किया है। उसने रुपए ट्रांजेक्शन के लिए मना कर दिया। इसके बाद उसके व उसकी पत्नी के खाते से 3.41 लाख रुपए निकाल लिए।

# ग्रेटर निगम ने शुरू किया सामुदायिक कम्पोस्ट पिट



**जयपुर** । कचरा प्रबंधन में सुधार के उद्देश्य से नगर निगम ग्रेटर जयपुर ने वार्ड134 में एक सामुदायिक कम्पोस्ट पिट का शुभारंभ किया है। यह पहल गीले कचरे के प्रभावी निपटान के लिए की गई है और स्थानीय निवासियों की सक्रिय भागीदारी से इसे अंजाम दिया गया है।

इस आयोजन की अध्यक्षता मालवीय नगर जोन उपायुक्त अर्शदीप बराड़ ने की, जिन्होंने रिबन काटकर पिट का उद्घाटन किया और इसके बाद पिट का पूजन भी किया। यह कदम नगर निगम की कचरा प्रबंधन समस्याओं का समाधान ढूंढने और नवाचारी उपायों को अपनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उपायुक्त अर्शदीप बराड़ ने बताया कि यह सामुदायिक कम्पोस्ट पिट गीले कचरे के निपटान में सहायक होगा और इसे घर पर कम्पोस्टिंग प्रथाओं के साथ मिलाकर उपयोग किया जाएगा। स्थानीय निवासियों ने भी इन प्रथाओं को अपनाया है, जो स्थायी कचरा प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

इस पिट के शुभारंभ से वॉर्ड में कचरा प्रबंधन की प्रक्रिया में सुधार होगा, पर्यावरणीय प्रभाव कम होगा, और एक साफ-सुथरे और हरित वातावरण को बनाए रखने में मदद मिलेगी।

इस अवसर पर निगम टीम, निगम पीआईयू टीम, फिनलूप टीम, वीकेयर टीम और विकास समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

# जवाहर कला केन्द्र में दिखेगा दस्तकारों का हुनर और ट्राइबल आर्ट

## नेशनल हैण्डलूम-डे के उपलक्ष्य में 11 से 17 अगस्त तक होगा 'विरासत से विकास' कार्यक्रम का आयोजन

**जयपुर** (कासं)। आमजन को देश की विरासत और पारंपरिक धरोहर की जानकारी से रूबरू करवाने के उद्देश्य से नेशनल हैंडलूम डे के मद्देनजर जवाहर कला केंद्र की ओर से अतुल्य अगस्त प्रोग्राम के तहत 11 से 17 अगस्त तक अलंकार दीर्घा में 'विरासत से विकास' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को जवाहर कला केंद्र में हुई प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी गई। प्रेस वार्ता के दौरान केंद्र की अतिरिक्त महानिदेशक प्रियंका जोधावत, सहायक निदेशक अब्दुल लतीफ उस्ता,थिएटर कन्सलटेंट मैनेजर बबिता मदान, डिप्टी जनरल मैनेजर भरत सिंह, फेस्टिवल कॉर्डिनेटर छवि जोशी, फेस्टिवल क्यूरेटर साधना गर्ग मौजूद रहीं।

यह कार्यक्रम रघुकुल ट्रस्ट के क्यूरेशन में किया जा रहा है। साधना गर्ग ने बताया कि, 11 से 14 अगस्त तक टाइमलेस टेक्सटाइल ट्रेडिशन एग्जीबिशन लगायी जाएगी। प्रदर्शनी में हैंडलूम का ऐसा आटवर्क कलेक्शन देखने को मिलेगा जिसे घर-घर जाकर इकट्ठा किया गया है। यह एक प्रयास है लुप्त होती कला को पुनर्जीवित करने का इसलिए बरसों से संजोए




**जवाहर कला केंद्र की अतिरिक्त महानिदेशक प्रियंका जोधावत, सहायक निदेशक अब्दुल लतीफ उस्ता, थिएटर कन्सलटेंट मैनेजर बबिता मदान, डिप्टी जनरल मैनेजर भरत सिंह, फेस्टिवल कॉर्डिनेटर छवि जोशी, फेस्टिवल क्यूरेटर साधना गर्ग मौजूद ने 'विरासत से विकास' कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया।**

गए अपने पारंपरिक परिधानों जैसे अचकन, साड़ियां, जूतियां व चिकन वर्क, कलमकारी, आरी-तारी, ज़रदोज़ी, बंधेज, फुलकारी प्रोडक्ट्स को शोकेस करने के लिए लोग आगे आए हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से आम जनता व युवा पीढ़ी तक विरासत की कहानियां प्रदर्शनी के माध्यम से पहुंचाई जाएंगी।

11 अगस्त को प्रातः 11:30 बजे म्यूजिक ऑफ द चरखा कार्यक्रम में रंगायन में वरिष्ठ कलाकार रमा सुन्दरम संत कबीर, संत नामदेव आदि के पदों के गायन की प्रस्तुति देंगी। इसी के साथ विरासत से विकास कार्यक्रम के अंतर्गत 11 से 14 अगस्त तक ट्राइबल आर्ट शो भी आयोजित होगा जिसमें विभिन्न प्रदेशों से आए कलाकार आदिवासी अंचलों में प्रचलित ट्रेडिशनल विजुअल आर्ट वर्क शोकेस करेंगे। सुजस दीर्घा में हैंडलूम हाट लगायी जाएगी जिसमें दस्तकार अपने प्रोडक्ट्स की स्टॉल लगाएंगे।

इस मौके पर जवाहर कला केंद्र में आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी भी दी गई। स्वतंत्रता दिवस को ध्यान में रखते हुए 12 अगस्त को रंगायन में शाम 4 से 6 बजे राजस्थान संगीत संस्थान के विद्यार्थी देशभक्ति गीत गायन की प्रस्तुति देंगे। 14 अगस्त को

■ **14 अगस्त को गुलज़ार लिखित बॉस्की के कप्तान चाचा नाटक का मंचन**

■ **म्यूजिक ऑफ द चरखा में गूंजेंगे रमा सुन्दरम के स्वर**

नौनिहाल के अन्तर्गत गुलज़ार लिखित और सलीम आरिफ़ निर्देशित बॉस्की के कप्तान चाचा नाट्यय प्रस्तुति दी जाएगी। रंगायन में सुबह 10:30 बजे और शाम 7:00 बजे दो शो होंगे।16 अगस्त से 45 दिवसीय आधुनिक रंगमंच एवं गवरी नाट्यय शैली पर आधारित अभिनय एवं प्रस्तुति परक कार्यशाला की शुरुआत होगी। जेकेके की अतिरिक्त महानिदेशक प्रियंका जोधावत ने कहा कि, जब हम हैंडलूम की बात करते हैं तो विरासत की बात की जाती है। 11 से 17 अगस्त तक होने वाला यह कार्यक्रम पूरी तरह से देश के उन हुनरमंद कलाकारों को समर्पित है जो किसी भी तरह से हमारी संस्कृति व रीतियों को आगे आने वाली पीढ़ी तक पहुंचाने में अपना योगदान दे रहे हैं। साथ ही 'अतुल्य-अगस्त' के अन्तर्गत हो रहे इस कार्यक्रम हैंडलूम व दस्तकारों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिबद्ध है। फेस्टिवल क्यूरेटर साधना गर्ग ने कहा कि, हमारा उद्देश्य है कि एक बार फिर आम जनता और जेन ज़ी को अपनी संस्कृति से रूबरू कराया जाए, हमारे बुजुर्ग हमारे लिए जो पारंपरिक धरोहर छोड़ कर गए हैं उसके बारे में बताया जाए।